हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 128 देहरादून, सोमवार, 07 नवंबर, 2022 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



जनरल स्व बिपिन रावत समेत पांच को उत्तराखंड गौरव सम्मान, सरकार ने की नामों की घोषणा 3

# विधानसभा उपचुनाव : भाजपा ने जीतीं सात में से चार सीटें

## महाराष्ट्र, तेलंगाना और बिहार के मोकामा नहीं खिला कमल

नई दिल्ली, 6 अक्टूबर। छह राज्यों में सात सीटों के लिए हुए विधानसभा उपचुनाव में चार में भाजपा को जीत मिली है। मतगणना रविवार को हुई। हरियाणा के आदमपुर में पहली बार कमल खिला है। पहले यह सीट कांग्रेस के तत्कालीन विधायक कुलदीप बिश्नोई को पास थी। भाजपा में शामिल होने के बाद उन्होंने विस सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। यहां पर उनके बेटे भव्य ने भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ा था।

लखीमपुर खीरी में गोला गोकर्णनाथ सीट पर भाजपा के अमन गिरी ने सपा के विनय तिवारी को 34,000 से अधिक मतों से हराया है। अंतर में अमन ने अपने पिता अरविंद गिरी (दिवंगत) का रिकार्ड भी तोड़ दिया है। 2022 में अरविंद ने सपा के ही विनय तिवारी को 29,000 से अधिक वोटों से मात दी थी। गोपालगंज में भाजपा ने तो मोकामा में राजद ने जीत हासिल की है। मोकामा में अनंत सिंह पिछला विधानसभा चुनाव (2020) राजद के टिकट पर जीते थे। आपराधिक मामलों में सजा मिलने के कारण उनकी विस सदस्यता रद हो गई थी। उपचुनाव में पत्नी नीलम देवी को राजद ने टिकट दिया था। वह विजयी हुईं। अनंत करीब 36 हजार वोटों के अंतर से जीते थे, लेकिन इस बार उनकी पत्नी 17 हजार से कम वोटों के अंतर से जीती हैं।

गोपालगंज में भाजपा के सुभाष सिंह के निधन से बाद उपचुनाव हुआ था। उनके निधन के बाद उपचुनाव में पत्नी कुसुम देवी जीतीं। 2005, 2010 और 2020 के चुनाव में जदयू की भाजपा की दोस्ती थी। 2015 में जदयू ने राजद का समर्थन दिया था। फिर भी भाजपा जीती थी। इसलिए दोनों क्षेत्रों में दलों के अलावा प्रत्याशियों का अपना प्रभाव रहा है। यह उपचुनाव में भी परिलक्षित हुआ है। महाराष्ट्र की अंधेरी ईस्ट में पिछली बार शिवसेना के रमेश लातके जीते थे, इस बार उनकी पत्नी ऋतुजा ने शिवसेना (उद्धव गुट) के टिकट पर जीत हासिल की है। ओडिशा की धामनगर विधानसभा सीट पर भाजपा ने जीत हासिल की है। भाजपा ने यहां से दिवंगत विधायक बिष्णु चरण सेठी के बेटे सूर्यबंशी सूरज टिकट दिया था। सूरज ने बीजद के अबंती दास को हराकर भाजपा की सीट कायम रखी है। तेलंगाना की मुनुगोड़े सीट पर टीआरएस उम्मीदवार ने भाजपा प्रत्याशी हराकर जीत हासिल की। पहले यहां कांग्रेस का कब्जा था।

### विधानसभा उपचुनाव के परिणाम

| राज्य | सीट | कौन जीता |
|---|---|---|
| बिहार | मोकामा | राजद |
| बिहार | गोपालगंज | भाजपा |
| यूपी | गोला गोकर्णनाथ | भाजपा |
| ओडिशा | धामनगर | भाजपा |
| तेलंगाना | मुनुगोडे | टीआरएस |
| महाराष्ट्र | अंधेरी ईस्ट | शिवसेना (उद्धव गुट) |
| हरियाणा | आदमपुर | भाजपा |



## माणा से शुरू होगी कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

रुद्रप्रयाग, 6 अक्टूबर। सोमवार से शुरू होने वाली कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा को लेकर कांग्रेस कार्यकर्त्ता बदरीनाथ धाम पहुंच गए है। इसी कड़ी में रविवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा समेत सैकड़ों कार्यकर्त्ता देहरादून से रुद्रप्रयाग पहुंचे। कांग्रेस पार्टी पूरे देश में भारत जोड़ो यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। उत्तराखंड में प्रदेश अध्यक्ष करन महारा के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा सात नवंबर से बदरीनाथ धाम में पूजा अर्चना के बाद माणा गांव से शुरू होगी।

इसको लेकर विभिन्न जनपदों से कांग्रेसी कार्यकर्त्ता बदरीनाथ धाम पहुंचने शुरू हो गए हैं। रुद्रप्रयाग में ब्लाक प्रमुख प्रदीप प्रसाद ने कार्यकर्त्ताओं के लिए भोजन की व्यवस्था करवाई, जिसके बाद प्रदेश अध्यक्ष माहरा का काफिला बदरीनाथ के लिए रवाना हुआ। सात नवंबर को सुबह 11:30 पर माणा गांव से यात्रा को प्रारंभ किया जाएगा, जो पांडुकेश्वर, जोशीमठ, पीपलकोटी एवं यात्रा रात्रि विश्राम के लिए गोपेश्वर पहुंचेगी।

आठ नवंबर को गोपेश्वर से चमोली, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, गोचर होते हुए रुद्रप्रयाग मुख्य बाजार में यात्रा के प्रथम चरण का समापन होगा। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख प्रदीप प्रसाद थपलियाल, जिलाध्यक्ष ईश्वर सिंह बिष्ट, पूर्व विधायक मनोज रावत, पीसीसी सदस्य प्रेम सिंह गुसाईं, अर्जुन गहरवार, हरीश गुसाईं, प्रशांत डोभाल ताजवर सिंह खत्री, कनिष्ठ प्रमुख कविंद्र सिंधवाल, मनोहर रावत, दीपक भंडारी, अंशुल जगवान, संजय नेगी उपस्थित थे।



वहीं गोपेश्वर में चमोली जिला कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बिरेंद्र रावत ने बताया कि कांग्रेस के उत्तराखंड में भारत जोड़ो यात्रा के लिए प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, बदरीनाथ विधायक राजेंद्र भंडारी, पूर्व विधायक प्रो जीतराम सहित कई अन्य कांग्रेसी नेता बदरीनाथ पहुंच चुके हैं।

कांग्रेस के प्रांतीय प्रभारी देवेंद्र यादव भी इस यात्रा में शामिल होने सोमवार को बदरीनाथ पहुंचेंगे। कांग्रेस के उपाध्यक्ष व प्रांतीय प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप ने बताया कि केंद्र व राज्य सरकार के जनता के साथ किए जा रहे धोखे का पर्दाफाश, तमाम घोटालों, भ्रष्टाचार, वनंतरा कानून व्यवस्था में विफलता भारी बेरोजगारी, शिक्षा में उत्तराखंड का सबसे पिछले स्थान पर आना इन विषयों का मुद्दा जनता के सामने रखा जाएगा।

## उत्तराखंड में करवट बदलने लगा मौसम, पर्वतीय क्षेत्रों में वर्षा और हिमपात के आसार

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 6 अक्टूबर। उत्तराखंड में मौसम करवट बदलने लगा है। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता बढ़ने के कारण प्रदेश में वर्षा व बर्फबारी के आसार बन रहे हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में आज कहीं-कहीं हल्की से मध्यम वर्षा और हिमपात हो सकता है। जिससे ज्यादातर क्षेत्रों में तापमान में गिरावट आने की आशंका है।

रविवार को प्रदेश के मैदानी क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहा और चटख धूप खिली रही। हालांकि, पर्वतीय क्षेत्रों में आंशिक बादल छाए रहे। कहीं-कहीं घने बादलों का डेरा रहा, लेकिन वर्षा व बर्फबारी नहीं हुई। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार, ताजा पश्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत में सक्रिय है। साथ ही पाकिस्तान की ओर से साइक्लोनिक सर्कुलेशन भी हिमालयी क्षेत्रों की ओर बढ़ रहा है।

जिससे सोमवार को प्रदेश में कहीं-कहीं बादल छाये रह सकते हैं। उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग में वर्षा और बर्फबारी हो सकती है। अन्य जिलों में कहीं-कहीं ओलावृष्टि के आसार हैं। अगले तीन दिन में प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रों में तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है।

मसूरीः ग्रैंड लाज आफ इंडिया की लाज डलहौजी जीएलआइ-10 मसूरी ने महिला कल्याण परियोजना के अंतर्गत मसूरी की 60 एकल माताओं को ऊनी सूट, स्वेटर व अन्य गरम कपड़े प्रदान किए। मैसानिक लाज बस स्टैंड पर स्थित फ्रीमेसन हाल में आयोजित कार्यक्रम में उत्तरी रीजनल ग्रैंड मास्टर संजीव के गांधी ने कहा कि मसूरी के लाज डलहौजी जीएलआइ-10 की ओर से सराहनीय सामाजिक कार्य किए जा रहे हैं।

## चकराता में मिला नौगांव से लापता महिला का कंकाल

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तरकाशी, 6 अक्टूबर। नौगांव से चार महीने पहले गायब हुई महिला का कंकाल पुलिस ने चकराता से बरामद किया है। मामले में पुलिस और एसओजी की टीम ने बागपत निवासी आरोपी को चकराता के बैराट खाई के पास राडना डांडा से गिरफ्तार किया और कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। वहीं, घटना का पता लगते ही परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर यमुनोत्री हाईवे पर जाम लगा दिया।

मामला इसी साल जुलाई का है। पुलिस के अनुसार, नौगांव के कुण्ड गांव की रहने वाली रानी(30) को उसका मौसा सोम देव बहला फुसला कर अपने साथ ले गया था। इसके बाद परिजनों ने महिला के अपहरण का केस दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए सोनीपत, बड़ौत,



बागपत, बिहार, राजस्थान समेत तमाम शहरों में दबिश दी लेकिन पकड़ नहीं पाई।

शनिवार देर रात पुलिस और एसओजी की टीम ने सूचना पर आरोपी को चकराता से धर दबोचा। आरोपी ने बताया कि जब वह रानी को ले गया था तभी उसने रानी की हत्या कर गहरी खाई में फेंक दिया था। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने महिला का कंकाल बरामद किया।

**परिजनों ने मृतका की बेटी के लिए की मुआवजे की मांग :** उधर, उत्तरकाशी में जब इस घटना का पता लगा तो परिजनों ने ग्रामीणों के साथ नौगांव चौकी के पास यमुनोत्री हाईवे पर जाम लगा दिया। परिजनों की मांग है कि मृतका की पांच वर्ष की बेटी को मुआवजा दिया जाए। इस दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा। पुलिसकर्मियों ने उन्हें समझाने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं मानें। पुलिस कप्तान के आश्वासन के बाद ही परिजनों ने जाम खोला।

# कांग्रेस ने दिए समान नागरिक संहिता के 'समर्थन' के संकेत, कहा- आम सहमति बनाएं हम भी देंगे साथ

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नई दिल्ली। हिमाचल प्रदेश और गुजरात विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने समान नागरिक संहिता ( यूसीसी) का दांव चलकर जहां विपक्षी खेमे में हलचल बढ़ा दी है, वहीं कांग्रेस ने भाजपा के इस ऐलान पर उसे आड़े हाथों लिया और कहा कि वह भी समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का समर्थन करती है, लेकिन वह इस पर राजनीति नहीं चाहती है। सरकार को इस पर आम सहमति बनानी जानी चाहिए और राजनीतिक दलों से बात करनी जाए। कांग्रेस पार्टी शुरू से ही इसकी पक्षधर रही है।




कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने रविवार को पत्रकारों से चर्चा में कहा कि भाजपा को धर्म, डेरे और यूसीसी जैसे मुद्दों की याद तब आती है जब चुनाव होते है और हार रही होती है। हिमाचल प्रदेश में भी भाजपा ने हार के डर से ही यूसीसी का राग छेड़ा है। फिलहाल वह जनता के आंख में धूल झोंकने का काम कर रही है। उन्होंने सवाल खड़ा करते हुए कहा कि यदि भाजपा को यूसीसी लाना ही था, तो पांच साल पहले क्यों नहीं लाए। प्रदेश में पिछले पांच सालों से वह सत्ता में थी, जबकि केंद्र में आठ सालों से सत्ता में है।

उन्होंने कहा कि वैसे भी यूसीसी प्रादेशिक स्तर पर नहीं चल सकता है। क्योंकि एक प्रदेश से दूसरे प्रदेश में लोग आते जाते रहते है, ऐसे में क्या नया यूसीसी लेना पड़ेगा। फिलहाल इसके लिए यह व्यवस्था राष्ट्रीय स्तर पर लागू होनी चाहिए। सिंघवी ने इस दौरान पीएम मोदी के राधा स्वामी सत्संग में जाने पर भी कटाक्ष किया और कहा कि डार के डर से उन्हें डेरे और धर्म की याद आ रही है। इस दौरान उन्होंने महंगाई के मुद्दे पर भी सरकार को घेरा और कहा कि मौजूदा समय में महंगाई जिस तेजी से बढ़ी है, उनमें लोगों का जीना मुश्किल हो गया है।

## तिरुपति मंदिर की संपत्ति जानकर हो जाएंगे हैरान, देश की कई नामी कंपनियों से भी ज्यादा है धन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नई दिल्ली, विश्व प्रसिद्ध तिरुपति बालाजी मंदिर के ट्रस्ट तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (TTD) ने शनिवार को श्वेत पत्र जारी करते हुए बताया कि ट्रस्ट के नाम करीब 2.5 लाख करोड़ से अधिक की संपत्ति है। ट्रस्ट द्वारा दी गई जानकारी के बाद उन सभी रिपोर्टों पर पूर्णविराम लगा दिया, जिसमें TTD द्वारा आंध्र प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार के बान्ड की प्रतिभूतियों में निवेश करने की बात कही जा रही थी।



पहली बार हुआ है संपत्तियों का खुलासा

ट्रस्ट की तरफ से बताया गया कि बैंकों में 16,000 करोड़ रुपये के साथ-साथ 10.25 टन सोना और 2.5 टन सोने के आभूषण जमा है। ट्रस्ट ने आगे कहा कि पूरे भारत में ट्रस्ट की 960 संपत्तियां हैं। मालूम हो कि मंदिर की स्थापना के बाद यह पहली बार है जब ट्रस्ट ने संपत्तियों के बारे में खुलासा किया है।

मंदिर के एक अधिकारी ने कहा कि तिरुपति में भक्तों द्वारा चढ़ाए जा रहे नकद और सोने में लगातार वृद्धि हो रही है, जिसके कारण मंदिर के संपत्तियों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने कहा कि बैंकों से मिलने वाले ब्याज के कारण भी यह बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। ट्रस्ट ने बताया कि साल 2022-23 में 3,100 करोड़ का बजट पेश किया गया था, जिसमें से 668 करोड़ रुपये तो बैंकों से मिलने वाले ब्याज के ही थे। मंदिर के अधिकारियों ने आगे कहा कि ट्रस्ट द्वारा संपत्तियों का जो विवरण दिया गया है उनमें प्राचीन आभूषणों और कुछ गेस्ट हाउस को शामिल नहीं किया गया है।

शेयर बाजार के आकड़ों के मुताबिक तिरुपति मंदिर की संपत्ति भारत के कई बड़े कारोबारों से भी अधिक है। शुक्रवार को शेयर बाजार बंद होने तक विप्रो की मार्केट वैल्यू 2.14 लाख करोड़ रुपये आंकी गई थी। वहीं, अल्ट्राटेक सीमेंट का मार्केट वैल्यू 1.99 लाख करोड़ दर्ज की गई थी। इसके अलावा शुक्रवार को मल्टीनेशनल कंपनी नेस्ले की भारतीय इकाई की वैल्यू 1.96 लाख करोड़ थी।

मालूम हो कि ONGC (Oil and Natural Gas Corporation) और NTPC जैसी सरकारी कंपनियों की वैल्यूएशन भी मंदिर की संपत्तियों से कम है। सिर्फ दो दर्जन कंपनियों की वैल्यूएशन ही मंदिर ट्रस्ट की संपत्ति से अधिक है। इन कंपनियों में रिलायंस और टाटा संस शामिल है।

## सुनील राठी के बाद प्रवीण वाल्मीकि भी हरिद्वार जेल में शिफ्ट, गिरोहबंदी की आशंका से पुलिस अलर्ट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुड़की, हरिद्वार जिला एक बार फिर संवेदनशील हो गई है। हिस्ट्रीशीटर सुनील राठी के बाद अब उसके शागिर्द प्रवीण वाल्मीकि को भी चमोली जेल से यहां शिफ्ट कर दिया गया है। जबकि राठी का सहयोगी माना जा रहा यशपाल तोमर पहले से ही इस जेल में बंद है। ऐसे में पुलिस को गिरोहबंदी की आशंका सताने लगी है। साथ ही आने वाले समय में गैंगवार की आशंका से पुलिस और सीआईयू अलर्ट हो गई है।

रुड़की जेल में रहते हुए बदमाश सुनील राठी ने जेलर की हत्या कराई थी। साथ ही जेल से रिहा होने के दौरान बदमाश चीनू पंडित पर भी राठी के इशारे पर हमला हुआ था। इस बड़ी गैंगवार ने प्रदेशभर की पुलिस को हिलाकर रख दिया था। गैंगवार और जेलर की हत्या के अलावा रंगदारी मांगना भी किसी से छिपा नहीं है। करीब चार साल पूर्व तत्कालीन एसएसपी केके वीके ने राठी और उसकी मां राजबाला पर शिकंजा कसा था। इसके बाद वह बागपत और तिहाड़ जेल में शिफ्ट हो गया था।

बागपत जेल में राठी ने पूर्वांचल के बाहुबली मुन्ना बजरंगी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। अब चार साल बाद करीब 20 दिन पहले राठी हरिद्वार जेल में शिफ्ट हो गया है। राठी के बाद चमोली जेल में बंद बदमाश प्रवीण वाल्मीकि भी हरिद्वार जेल आ गया है। बदमाश यशपाल तोमर पहले से ही हरिद्वार जेल में है जो कि राठी का सहयोगी बताया जाता है।

ऐसे में जिला जेल में बड़े बदमाशों के साथ छोटे बदमाशों की भी भरमार हो चुकी है। माना जा रहा है कि देहरादून की सुद्धोवाला जेल में बंद रुड़की निवासी बदमाश चीनू पंडित से राठी की चली आ रही पुरानी अदावत अब एक फिर से नए सिरे से उभरकर सामने आ सकती है। इस आशंका को देखते हुए हरिद्वार की पुलिस, सीआईयू, एलआईयू के साथ ही देहरादून की एसटीएफ भी अलर्ट मोड पर है।


जेल में जितने भी बदमाश हैं, उनपर पुलिस की पैनी नजर है। अपराध और अपराधी बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। बदमाशों के संपर्क में रहने वालों को भी चिह्नित किया जा रहा है।

## पटेलियन बनिए पलटू नहीं, नई पार्टी बनाने पर जल्द होगा निर्णय

सुल्तानगंज (भागलपुर) : पूर्व केंद्रीय मंत्री और पूर्व जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरसीपी सिंह ने रविवार को अपने संबोधन में कहा कि आप लोग पलटू नहीं, बल्कि पेटेलियन बनें। वे प्रखंड क्षेत्र के रसीदपुर गांव में सरदार वल्लभ भाई पटेल सेवा संघ द्वारा आयोजित लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए नाम लिए बगैर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पलटू कह दिया और जमकर निशाना साधा।

आरसीपी सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार किसान विरोधी हैं। उन्होंने लोगों से पूछा कि पहले किसानों के सम्मान में किसानश्री आदि योजनाएं चलाई जाती थी। लेकिन बिहार सरकार ने इसे बंद कर दिया। जब मैं जदयू का प्रधान महासचिव था, तो मैंने मुख्यमंत्री से पूछा था कि आखिर इन योजनाओं को क्यों बंद किया गया। मुख्यमंत्री ने इन सवालों के जवाब कभी नहीं दिए। उन्होंने लोगों से कहा कि अभी भी समय है लोग एकजुट हो जाएं क्योंकि पार्टियां आप को तोड़ने का काम करती हैं। जाति के नाम पर आपके साथ भेदभाव होता है उन्होंने कहा कि लगातार वह घूम घूम कर लोगों से राय ले रहे हैं जिसके बाद वह आगे की रणनीति पर काम करेंगे।

जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज गुजरात में विश्व की सबसे बड़ी पटेल की प्रतिमा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार यदि सरदार पटेल का सम्मान करते हैं, तो बिहार में 243 मीटर के सरदार की प्रतिमा क्यों नहीं बनवाते हैं। वही कार्यक्रम को विपिन कुमार सिंह, कन्हैया सिंह, उदित नारायण सिंह, अमित सिंह, भागीरथ सिंह, सत्येंद्र कुशवाहा आदि ने संबोधित किया कार्यक्रम में आरसीपी सिंह के पक्ष में नारेबाजी भी हुई।



जदयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह सुबह-सुबह अजगवीनाथ मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने पूजा अर्चना की। जिसके बाद उन्होंने विभिन्न पंचायतों का दौरा किया और लोगों से जनसंपर्क किया। इस दौरान नीतीश कुमार के गढ़ कहे जाने वाले ऊधाडीह पंचायत में लोगों ने कहा कि आरसीपी सिंह हमारे मेहमान हैं इसलिए उनका स्वागत करना हमारा फर्ज बनता है।

सरदार पटेल की जयंती समारोह को संबोधित करने के बाद रसीदपुर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह ने मोकामा और गोपालगंज में हुए उपचुनाव परिणामों पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि दोनों जगहों पर महिलाओं की जीत हुई है। जिससे विधानमंडल में महिलाओं की संख्या बढ़ी है। उन्होंने कहा कि जदयू का वोट आरजेडी को ट्रांसफर नहीं हुआ बल्कि बीजेपी ने मोकामा में अच्छी बढ़त बनाई है।

मुंगेर में बड़े अंतर से हारी थी अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी, मोकामा में जीतते ही आरसीपी सिंह की बेटी को घेरा प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूछे गए एक सवाल पर आरसीपी सिंह ने कहा कि लगातार वह क्षेत्र में काम कर रहे हैं और जनता की राय ले रहे हैं। जल्द ही नई पार्टी बनाने का निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता का समर्थन मेरे साथ है और लगातार में क्षेत्र में भ्रमण कर रहा हूं।

# एनएसए अजीत डोभाल, जनरल स्व बिपिन रावत समेत पांच को उत्तराखंड गौरव सम्मान, सरकार ने की नामों की घोषणा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 6 अक्टूबर। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर दिए जाने वाले उत्तराखंड गौरव सम्मान पुरस्कार की सरकार ने घोषणा कर दी है। सरकार ने रविवार को पुरस्कार के लिए चयनित पांच विभूतियों के नामों की घोषणा की। इनमें राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, देश के पहले चीफ आफ डिफेंस स्टाफ रहे जनरल स्व बिपिन रावत, केंद्रीय फिल्म सेंसर बोर्ड के अध्यक्ष प्रसून जोशी, प्रसिद्ध गीतकार स्व गिरीश चंद्र तिवारी गिर्दा और साहित्यकार स्व वीरेन डंगवाल के नाम शामिल हैं।

उत्तराखंड गौरव सम्मान की शुरुआत वर्ष 2021 के स्थापना दिवस से हुई थी। प्रदेश की पांच विभूतियों को यह पुरस्कार दिया जाता है। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति इन नामों का चयन करती है। रविवार को सामान्य प्रशासन विभाग ने उत्तराखंड गौरव सम्मान पुरस्कार के लिए चयनित नामों की घोषणा की। इनमें तीन विभूतियों को यह सम्मान मरणोपरांत दिया जा रहा हैं।

पिछले वर्ष इस पुरस्कार के लिए पूर्व मुख्यमंत्री स्व नारायण दत्त तिवारी, पर्यावरणविद् पद्मभूषण डा अनिल प्रकाश जोशी, साहित्यकार रस्किन बांड, पर्वतारोही बछेंद्री पाल व लोक गायक नरेंद्र सिंह नेगी का चयन किया गया था। तब ये पुरस्कार



वितरित नहीं किए जा सके थे। इस बार दोनों वर्ष के पुरस्कार राज्य स्थापना दिवस पर नौ नवंबर को पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किए जाएंगे।

पुरस्कार में एक लाख रुपये की सममान राशि, प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिह्न प्रदान किया जाता है। आंदोलनकारी सम्मान परिषद के पूर्व अध्यक्ष व भाजपा नेता रविंद्र जुगरान ने स्कूल व कालेज में राज्य निर्माण की गौरवगाथा पढ़ाने का सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि इस विषय को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए। रविवार को एक बयान में भाजपा नेता ने कहा कि राज्य गठन को 22 वर्ष होने जा रहे हैं लेकिन वर्ष 1994 के बाद जन्में बच्चों को राज्य निर्माण आंदोलन की जानकारी नहीं है। अब समय की मांग है कि आने वाली पीढ़ियों को इसकी जानकारी दी जाए। इसके लिए स्कूल व कालेजों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, जिनमें राज्य निर्माण से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई जाए।

## नाबालिग ने दिया खौफनाक वारदात को अंजाम, मां-बहन समेत चार लोगों को उतारा मौत के घाट

अगरतला ,06 नवंबर (एजेंसी)। त्रिपुरा पुलिस ने रविवार सुबह हलाहाली मार्केट से नशे के आदि एक नाबालिग को अपनी मां, बहन और दादा सहित चार लोगों की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी नाबालिग को धलाई जिले में कमालपुर के दुराई शिब्बारी क्षेत्र में बीती रात अपने परिजनों की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

आरोपी की पहचान 17 वर्षीय सुप्रिय देबनाथ के रूप में हुई है, जिसने प्रारंभिक जांच के दौरान पुलिस के सामने अपराध कबूल किया है। आरोपी को दो साल से नशा करने की लत लगी है और वह टेलीविजन पर विभिन्न आपराधिक धारावाहिक देखा करता है। पुलिस ने कहा कि मृतकों की पहचान आरोपी के दादा बादल देबनाथ (70) मां सुमिता देबनाथ (40) बहन सुर्पणा देबनाथ (10) और पड़ोसी रेखा देब (45) के रूप में की गई है।

आरोपी के पिता हरधन देबनाथ ने इस घटना की जानकारी पुलिस को देर रात दी। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह लगभग ग्यारह बजे घर लौटा और कमरे और आंगन के अंदर दरवाजे खुले और कई खून के निशान मिले। पड़ोसियों के साथ तलाशी लेने पर मेरे पिता, पत्नी, बेटी और पड़ोसी के शव खून से लथपथ मिले और मेरा बेटा गायब था।

## बीएसएफ ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर 221 तोतों को तस्करी से बचाया

नई दिल्ली ,06 नवंबर (आरएनएस)। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने दक्षिण बंगाल के नादिया में भारत-बांग्लादेश की अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास वन्य पक्षियों की तस्करी को नाकाम करते हुए 221 तोतों को बचाया। इस पूरी कार्यवाही को दो अलग अलग जगहों पर अंजाम दिया गया। इन पक्षियों की बांग्लादेश से भारत में तस्करी की जा रही थी। बीएसएफ की तरफ से ये जानकारी दी गई है। बीएसएफ ने बताया कि जवानों ने दो अलग अलग ऑपरेशन में 221 तोतों को तस्करों के चंगुल से आजाद करवाया है।

जानकारी के मुताबिक पहली घटना दक्षिण बंगाल सीमांत के अंतर्गत सीमा चौकी बेताई इलाके की है। ड्यूटी पर तैनात जवानों ने देखा कि बांग्लादेश की तरफ से कुछ तस्कर तारबंदी के ऊपर से सामान फेंक रहे थे। उसी समय जवानों ने उनका पीछा किया, लेकिन वो घने अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। बीएसएफ जवानों ने घटनास्थल पर छानबीन की तो वहां पिंजरों में हरे, पीले और सफेद रंग के कुल 128 तोते मिले, जिन्हें जप्त कर लिया गया।

वहीं एक और अन्य घटना में सीमा चौकी रांगियापोटा इलाके में बीएसएफ के जवानों ने 93 लवबर्डस जब्त किए हैं। बीएसएफ ने बताया कि तस्कर इन वन्य पक्षियों को भारत से बांग्लादेश ले जाने वाले थे। फिलहाल आगे की कार्यवाही के लिए सभी छुड़ाए गए पक्षियों को स्थानीय वन विभाग को सौंप दिया गया है। गौरतलब है कि भारत-बांग्लादेश की सीमा पर मवेशियों और पक्षियों की तस्करी भी लगातार बढ़ती जा रही है। इसे रोकने के लिए बीएसएफ के जवानों ने अतिरिक्त सतर्कता भी बढ़ाई है।

### धार में बस की टक्कर से बाइक सवार दंपति सहित दो बच्चों की मौत

धार ,06 नवंबर (एजेंसी)। मध्य प्रदेश के धार जिले में गणपति घाट पर शनिवार की देर रात एक बड़ा हादसा हो गया जिसमें बस की टक्कर से बाइक पर सवार दंपति सहित दो बच्चों की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार धामनोद निवासी देवी सिंह अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ बाइक से खरगोन जिले में स्थित बाकानेर गांव जा रहे थे, इसी दौरान राउ-खलघाट फोरमैन पर गणपति घाट के पास सामने से आ रही बस से टक्कर हो गई। यह हादसा इतना भीषण था कि बाइक पर सवार चारों की मौके पर ही मौत हो गई। चारों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए टोल एंबुलेंस के जरिए अस्पताल ले जाया गया, वही आक्रोशित ग्रामीणों ने इस घटना को लेकर विरोध दर्ज कराया।

## महाराष्ट्र : 'भारत जोड़ो यात्रा' में जा रहे कांग्रेस नेता नसीम खान हादसे में घायल

नांदेड़ ,06 नवंबर (आरएनएस)। महाराष्ट्र कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व मंत्री आरिफ नसीम खान 'भारत जोड़ो यात्रा' में शामिल होने के लिए यहां से हैदराबाद से नांदेड़ जा रहे थे, लेकिन वह एक सडक़ हादसे में घायल हो गए। खान नांदेड़ में यात्रा के प्रभारी हैं और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में जुलूस यहां सोमवार (7 नवंबर) को महाराष्ट्र की सीमा में प्रवेश करेगा।



खान ने कहा कि जैसे ही खान की एसयूवी नांदेड़ में भिलोली टोल प्लाजा के पास आ रही थी, एक तेज रफ्तार वाहन ने अचानक उसमें टक्कर मार दी।

खान ने कहा, टक्कर इतनी जोरदार थी कि मेरी एसयूवी का पूरा फ्रंट फ्रेम क्षतिग्रस्त हो गया। मेरे ड्राइवर को चोटें आईं और मेरे दाहिने पैर में भी चोट आई है।

स्थानीय निवासी मौके पर पहुंचे और खान व अन्य यात्रियों को प्राथमिक चिकित्सा किट देकर मदद की और बाद में उन्हें अस्पताल ले गए।

भिलोली के कांग्रेस पार्टी के एक कार्यकर्ता ने भिलोली यातायात पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कर अन्य कार चालक के खिलाफ तेज गति से वाहन चलाने की कार्रवाई की मांग की है।

एआईसीसी के वरिष्ठ नेता एच.के. पाटिल, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण, महाराष्ट्र पीसीसी अध्यक्ष नाना पटोले, पूर्व कैबिनेट मंत्री बालासाहेब थोराट और अन्य ने फोन कर खान से उनके स्वास्थ्य के बारे में पूछताछ की और उनके सुरक्षित नांदेड़ पहुंचने की कामना की। खान पिछले 3 दिनों में अस्थायी रूप से मैदान से बाहर होने वाले राज्य के दूसरे वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारी बन गए हैं। इससे पहले मंगलवार की शाम को हैदराबाद में एक पुलिस अधिकारी ने दिग्गज नेता और पूर्व मंत्री नितिन राउत के साथ धक्का-मुक्की की, जिससे वह जमीन पर गिर पड़े। उन्हें हेयरलाइन फ्रैक्चर हुआ और उनकी दाहिनी आंख के ऊपर चोटें आईं। उन्हें एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। खान और राउत दोनों ने कहा है कि चोटों के बावजूद वे सोमवार से हजारों अन्य समर्थकों के साथ राज्य में राहुल गांधी के 'भारत जोड़ो यात्रा' में शामिल होंगे।

# कल्याण के कार्यों में न हो कोताही : सीएम योगी

गोरखपुर ,06 नवंबर (एजेंसी। जिन जरुरतमंदों के राशन कार्ड नहीं हैं, उनके कार्ड बनवाओ। इलाज के लिए किसी को भटकना न पड़े। सरकारी अस्पतालों में निशुल्क जांच, इलाज व दवाओं की व्यवस्था है। यदि कोई गंभीर बीमारी से पीड़ित है तो उसके उच्च स्तरीय इलाज में सरकारी आर्थिक सहायता के लिए इस्टीमेट की प्रक्रिया तेजी से पूरी की जाए। सरकार जन कल्याण के संकल्प की बुनियाद पर खड़ी है इसलिए जन कल्याण के कार्यों में कोताही किसी भी दशा में नहीं होनी चाहिए। जन समस्याओं का निस्तारण शीघ्रता से और सन्तुष्टिपरक होना चाहिए। ये निर्देश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखनाथ मंदिर में आहूत जनता दर्शन के दौरान अलग अलग तरह की फरियाद सुनने के बाद अधिकारियों को दिए। मंदिर परिसर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के सामने आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब ढाई घंटे फरियादियों के बीच बिताए। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद पहुंचे। बड़े इत्मीनान से उनकी समस्याओं को



सुना और उन्हें आश्वस्त किया हर समस्या का निस्तारण किया जाएगा। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब एक हजार लोगों की फरियाद सुनी। इसमें बड़ी संख्या महिलाओं, खासकर अल्पसंख्यक समुदाय की रही। अल्पसंख्यक समुदाय की एक महिला ने सीएम योगी से अपनी खराब आर्थिक स्थिति का हवाला देकर रोजगार दिलाने की गुहार की। साथ ही बताया कि उसके पास राशन कार्ड भी नहीं है।

मुख्यमंत्री ने उसे आश्वस्त किया कि राशन कार्ड भी बनेगा और काम की व्यवस्था भी कराई जाएगी। इसे लेकर उन्होंने अधिकारियों को मौके पर ही निर्देशित भी किया। एक अन्य अल्पसंख्यक महिला ने इलाज के लिए आर्थिक सहायता की फरियाद की। सीएम ने उसे भरोसा दिलाया कि पैसे के अभाव में इलाज नहीं रुकने पाएगा। अस्पताल का इस्टीमेट मिलते ही धन उपलब्ध करा दिया जाएगा। कुछ फरियादियों ने जमीन पर दबंगों द्वारा कब्जा किए जाने या मकान निर्माण में बाधा डालने की शिकायत की। इस पर सीएम योगी के तेवर सख्त हो गए। उन्होंने पुलिस अफसरों को हिदायत देते हुए कहा कि किसी भी गरीब की जमीन पर कब्जा करने वालों को करारा सबक सिखाया जाए।

# दिल्ली में फिर खुलेंगे प्राइमरी स्कूल! पर्यावरण मंत्री ने आज बुलाई हाई लेवल मीटिंग

नई दिल्ली, 6 अक्टूबर, एजेंसी। राजधानी दिल्ली में पिछले दो दिनों में हवा की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) गंभीर श्रेणी से नीचे आ गया है। वहीं, सीएक्यूएम (CAQM) ने भी ग्रेप-4 में लगी पाबंदियां भी हटा दी हैं। इसके चलते दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने भी सोमवार को हाई लेवल मीटिंग बुलाई है, जिसमें प्राइमरी स्कूलों को फिर से खोलने और दिल्ली सरकार के कर्मचारियों को दिए गए वर्क फ्रॉम होम को खत्म करने पर विचार किया जाएगा।



दिल्ली एनसीआर में वायु की गुणवत्ता में सुधार होने पर सीएक्यूएम ने दिल्ली-एनसीआर में गैर-बीएस 4 डीजल से चलने वाले हल्के मोटर वाहनों और दिल्ली में ट्रकों के घुसने पर लगा बैन हटा दिया है।

दिल्ली एनसीआर की वायु गुणवत्ता में सुधार के मद्देनजर रविवार को वायु गुणवत्ता प्रबंध आयोग (सीएक्यूएम की बैठक हुई। इस दौरान पूर्वानुमान लगाया गया कि अगले तीन चार दिन एयर क्वालिटी इंडेक्स (वायु गुणवत्ता सूचकांक) अभी गंभीर श्रेणी में नहीं जाएगा। जिसके चलते ग्रेप (GRAP) के चौथे चरण के सभी प्रविधान हटा दिए गए। अब आगे के पूर्वानुमान के आधार पर आठ या नौ तारीख को फिर से सीएक्यूएम की समीक्षा बैठक होगी।

रविवार सुबह हवा की रफ्तार तेज रहने से दिन में धुंध की चादर छटने से राहत मिली। न्यूनतम दृश्यता भी अधिक दर्ज की गई। न्यूनतम दृश्यता बढ़ने के साथ आसमान साफ नजर आया। हालांकि सांस रोगियों के हवा अभी भी नुकसानदेह है। डाक्टरों ने लोगों को मास्क लगाकर घरों से बाहर निकलने की सलाह दी है। रविवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 339, नोएडा का 330, फरीदाबाद का 311, गुरुग्राम का 308, ग्रेटर नोएडा का एक्यूआइ 299, गाजियाबाद का 288 दर्ज किया गया।

# पत्नी की मौसी की हत्या में बागपत का पूर्व सैनिक गिरफ्तार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नौगांव, 6 अक्टूबर। से चार माह पहले पत्नी की मौसी के अपहरण का मामला रविवार को सुलझ गया। अपहरणकर्ता बागपत (उत्तर प्रदेश) निवासी सोमदेव को पुरोला पुलिस ने जब गिरफ्तार किया तो मालूम चला कि उसने अपहरण के दिन ही महिला की हत्या कर चकराता के नजदीक खाई में शव फेंक दिया था। पुलिस ने बैराट खाई चकराता से महिला का क्षत-विक्षत शव बरामद किया।



उत्तरकाशी पुलिस ने आरोपित पर 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया था। इतना ही नहीं, आरोपित उत्तर प्रदेश में शराब की तस्करी में संलिप्त बताया जा रहा। उस पर खतौली (मुजफ्फरनगर) में गैंगस्टर एक्ट में मुकदमे समेत मेरठ, बिनौली, बागपत में भी छह से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। वह 11 वर्ष सेना में सेवा दे चुका है, मगर अनफिट होने की स्थिति में उसे सेवानिवृत्त कर दिया गया।

घटना का राजफाश होने के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने पुलिस चौकी का घेराव किया व यमुनोत्री हाईवे पर जाम भी लगाया। ग्रामीण आरोपित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग पर हंगामा रहे थे। उत्तरकाशी पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी ने बताया कि वर्ष 2015 में बागपात जिले के बिनौली थाने के फजलपुर गांव निवासी सोमदेव का विवाह उत्तरकाशी जनपद के नौगांव कुंड निवासी कमला देवी से हुआ था। सोमदेव पहले से शादीशुदा था तथा पहली पत्नी से दो बेटे हैं। कमला से उसे दो जुड़वा बेटियां हुईं।

सेना में 11 वर्ष सेवा में रहने के बाद चिकित्सीय जांच में वह अनफिट पाया गया। करीब 10 वर्ष पहले वह सेवानिवृत्त हुआ था। गुजरी सात जुलाई को सोमदेव, पत्नी कमला और दो बेटियों को लेकर नौगांव कुंड आया था। इसके बाद वह पत्नी कमला, दोनों बेटियों व पत्नी की मौसी रानी देवी को लेकर कार से नौगांव की ओर घूमने निकला। रानी उस दौरान मायके में नौगांव कुंड में रह रही थी। आरोप है कि नौगांव के सौली बैंड पर पत्नी व दोनों बेटियों को कार से बाहर धकेलकर सोमदेव, रानी देवी का अपहरण कर फरार हो गया। इस दौरान कमला एवं बेटियां भी घायल हो गई थी। कमला ने पुरोला पुलिस को घटना की सूचना दी।

# यूपी के सात शहरों की प्रदूषण से बिगड़ी हवा, नोएडा में दर्ज किया गया 357 एक्यूआई

लखनऊ, नौगांव, 6 अक्टूबर। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार, उत्तर प्रदेश के सात शहरों में बीती रात हवा की गुणवत्ता खराब जबकि चार में बेहद खराब दर्ज की गई। 357 के वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) के साथ, नोएडा राज्य में शीर्ष पर है। इसके बाद मुजफ्फरनगर (332), गाजियाबाद (322) और ग्रेटर नोएडा (312) हैं।

खराब वायु गुणवत्ता वाले सात शहरों में झांसी (277), प्रयागराज (275), बागपत (270), कानपुर (236), मेरठ (225), लखनऊ (216) और बुलंदशहर (219) शामिल हैं।



हालांकि, राज्य के किसी भी शहर ने गंभीर श्रेणी के निशान को पार नहीं किया, जैसा कि शनिवार को हुआ था। लखनऊ में केवल कुकरैल की हवा मध्यम रही।

हालांकि, लखनऊ तालकटोरा औद्योगिक क्षेत्र के पांच स्थानों पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा स्थापित पांच निगरानी स्टेशनों के अनुसार, औसत एक्यूआई 334 दर्ज किया गया था, जो शनिवार दोपहर 12 बजे यह अधिकतम 379 पर पहुंच गया।

बता दें, शून्य और 50 के बीच एक्यूआई स्तर को अच्छा माना जाता है, 51-100 को संतोषजनक, 101-200 को मध्यम, 201-300 को खराब, 301-400 को बहुत खराब और 401-500 को गंभीर श्रेणी में माना जाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### भोपाल में हनी ट्रैप गिरोह का भंडाफोड़, महिला गिरफ्तार, चार आरोपी फरार

बेंगलुरु ,06 नवंबर (एजेंसी)। कर्नाटक पुलिस ने एक हनी ट्रैप गिरोह का भंडाफोड़ किया है और रविवार को बेंगलुरु में एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरोह के फरार चार सदस्यों की तलाश शुरू कर दी है। गिरफ्तार महिला की पहचान प्रिया के रूप में हुई है। गिरफ्तारी दिलीप कुमार नाम के एक व्यक्ति की शिकायत के बाद की गई। दिलीप ने आरोपी महिला से सोशल मीडिया के जरिए परिचय किया। उसने दिलीप को अपने घर आने के लिए कहा और कहा कि वह अकेली है। दिलीप जब प्रिया के घर पहुंचकर जाल में फंसा तो चार लोग अंदर आए और उसे चाकू से धमकाया। उन्होंने उसे आरोपी के बगल में खड़ा कर दिया और फोटो और वीडियो ले लिया। उन्होंने उसे धमकी भी दी कि अगर उसने उनकी बात नहीं मानी तो वे उसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर अपलोड कर देंगे। दिलीप ने उन्हें 26,000 रुपये, अपने आईफोन और कार की चाबी दी। उसने अपने भाई से यूपीआई के जरिए पैसे ट्रांसफर करवाए। आरोपी ने कार की चाबी वापस करने के लिए 60 हजार रुपये मांगे थे। दिलीप ने घटना को लेकर सद्गुंटेपल्या थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी प्रिया को गिरफ्तार कर लिया है और अन्य की तलाश शुरू कर दी है।

### ईडी ने डीके शिवकुमार और उसके भाई को नये समन जारी किए

बेंगलुरु ,06 नवंबर (एजेंसी)। प्रर्वतन निदेशालय (ईडी) ने कर्नाटक कांग्रेस के अध्यक्ष डीके शिवकुमार और उनके भाई एवं कांग्रेस सांसद डीके सुरेश को नेशनल हेराल्ड मामले में तलब किया है। ईडी ने दोनों भाईयों को सात नवम्बर को पेश होने के लिए कहा है। इसकी पुष्टि दोनों भाईयों ने मीडिया से बातचीत करते हुए की। इससे पहले ईडी ने इस मामले में आठ अक्टूबर को कर्नाटक में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान उनसे पूछताछ की थी। शिवकुमार ने कहा कि मुझे समन मिल गया है। मैं अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यक्रम में पूरी तरह से व्यस्त हूं। मैं इसे देख रहा हूं। उन्होंने मुझे और मेरे भाई को बुलाया है। पिछले बार ईडी ने डीके बंधुओं से यंग इंडिया को दिए गए पैसों के बारे में पूछा था। ईडी ने डीके भाईयों से उनके आय के स्रोत के बारे में भी पूछताछ की। नेशनल हेराल्ड मामला भाजपा के राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी की निजी आपराधिक शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य ने धोखाधड़ी की साजिश रची और धन की हेराफेरी की।

### भूपेन हजारिका के कार्यो को संरक्षित करने के लिए अभी कुछ नहीं किया गया : आसू

गुवाहाटी ,06 नवंबर (एजेंसी)। ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन (आसू) ने कहा कि भारत रत्न भूपेन हजारिका की मूल्यवान रचनाओं और योगदान को सम्मान देने, संरक्षित करने और लोकप्रिय बनाने के लिए अभी काफी कुछ किया जाना बाकी है। संगीत उस्ताद की 11वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आसू के मुख्य सलाहकार समुज्जल भट्टाचार्य ने कहा कि वे भूपेन हजारिका के कार्यो को स्कूल से लेकर उच्च स्तर की शिक्षा तक शैक्षणिक पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन राज्य सरकार ने अभी तक इस पर कोई ध्यान नहीं दिया है। भट्टाचार्य ने मीडिया को बताया कि आसू भी असम और भारत के महत्वपूर्ण विश्वविद्यालयों में भूपेन हजारिका के नाम पर शोधपीठ की मांग कर रहा है। उन्होंने कहा कि वे भूपेन हजारिका के बाद गुवाहाटी रेलवे स्टेशन का नाम बदलने की मांग कर रहे हैं। आसू ने गुवाहाटी में भूपेन हजारिका की प्रतिमा के सामने स्मारक कार्यक्रम का आयोजन किया। अपने ट्वीट में मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा, सुधाकोंतो भूपेन हजारिका का संगीत हमारी रगों में सदा प्रवाहित रहेगा। भूपेन हजारिका सभी असमियों के दिलों में हैं। कई सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों ने संगीत उस्ताद को श्रद्धांजलि देने के लिए पूरे असम में कई स्मारक समारोह आयोजित किए।

### (नई दिल्ली)सोना तस्करी के शक में एयरपोर्ट पर सांसद के बेटे की तलाशी, उतरवाए कपड़े

नई दिल्ली ,06 नवंबर (एजेंसी)। केरल एयरपोर्ट पर सोने की तस्करी के मामले बढने के कारण पुलिस द्वारा सख्ती ज्यादा कर दी गई है। वहीं सोने की तस्करी के संदेह में मुस्लिम लीग के राज्यसभा सदस्य अब्दुल वहाब के बेटे के कपड़े उतारे जाने और एक्स-रे टेस्टिंग का मामला सामना आया है। इस मामले में राज्यसभा सदस्य अब्दुल वहाब ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को चि_ी लिखकर शिकायत की है। उन्होंने अपनी शिकायत में दावा किया है कि उनके बेटे को तिरुवनंतपुर एयरपोर्ट पर करीब एक घंटे तक हिरासत में रखा गया था और फिर जबरन एक्स-रे के लिए एक अस्पताल में ले जाया गया था। सांसद ने अपनी चि_ी में कहा है कि शुरू में उनके बेटे के शरीर की पूरी जांच की गई और बाद में उनके सामान को भी चेक किया गया। इसके बाद उनके कपड़े उतार दिए गए और फिर उनसे एक्स-रे कराने के लिए जबरन पास के ही एक अस्पताल में ले जाया गया ताकि इस संदेह की जांच की जा सके कि उन्होंने सोने को अपने निजी अंगों में तो नहीं छुपा रखा है या फिर निगल तो नहीं लिया। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट पर यह बताने के बाद भी कि वो एक सांसद के बेटे हैं अधिकारी उनकी जांच करते रहे। सांसद ने कहा कि यह घटना एक नवंबर को हुई जब उनका बेटा शारजाह से एयर अरेबिया की फ्लाइट से पहुंचा। हालांकि बाद में उसे छोड़ दिया गया क्योंकि एक्स-रे जांच के बाद सोना नहीं मिला था। सांसद ने अपने बेटे के साथ हुई तरह की हरकत को अमानवीय व्यवहार करार दिया है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि हम सीमा शुल्क अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई चाहते हैं जिन्होंने मानदंडों का उल्लंघन किया और उन्हें हिरासत में लिया। सांसद ने कहा, आमतौर पर ऐसी परिस्थितियों में एक्स-रे जांच के लिए मजिस्ट्रेट की अनुमति जरूरी होती है। इस मामले को लेकर सीमा शुल्क के एक सीनियर अधिकारी ने पहचान उजागर नहीं करने की शर्त पर बताया कि यह गलत पहचान का मामला था।

# टी20 वर्ल्ड कप : भारत ने जिम्बाब्वे को 71 रन से हराया सेमीफाइनल में इंग्लैंड से मुकाबला

मेलबर्न, 6 अक्टूबर (एजेंसी)। भारत ने सुपर-12 राउंड के अपने आखिरी ग्रुप मैच में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में जिम्बाब्वे को 71 रन से हरा दिया है। टीम इंडिया पहले ही सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर चुकी है और इस जीत का मतलब है कि टीम ने ग्रुप-दो में शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल के लिए जगह बनाई।

भारत ने ग्रुप दो में अपने पांच में से चार मुकाबले जीते और टीम आठ अंक के साथ शीर्ष पर रही। वहीं, इस ग्रुप से क्वालिफाई करने वाली दूसरी टीम पाकिस्तान रही। उसके छह अंक हैं। अब पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड का सामना बुधवार को पाकिस्तान से सिडनी में है। वहीं, टीम इंडिया दूसरे सेमीफाइनल में गुरुवार को इंग्लैंड से एडिलेड ओवल में भिड़ेगी।



ग्रुप वन में न्यूजीलैंड ने पहले स्थान और इंग्लैंड ने दूसरे स्थान पर रहकर सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई किया था। सेमीफाइनल में ग्रुप वन में पहले स्थान पर रहने वाली टीम का ग्रुप दो में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से और ग्रुप दो में पहले स्थान पर रहने वाली टीम का ग्रुप वन में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से सामना होता है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया ने 20 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 186 रन बनाए। केएल राहुल ने शुरुआत में और सूर्यकुमार यादव ने आखिर में बेहतरीन पारी खेली। दोनों ने अर्धशतक जमाया। राहुल ने 35 गेंदों में 51 रन बनाए।

वहीं, सूर्यकुमार ने 25 गेंदों में 61 रन की नाबाद पारी खेली। उन्होंने मैच के अंत में कई अविश्वसनीय शॉट्स लगाए। अपनी पारी में सूर्यकुमार ने छह चौके और चार छक्के लगाए। जवाब में जिम्बाब्वे की टीम 17.2 ओवर में 115 रन पर सिमट गई। रेयान बर्ल ने सबसे ज्यादा 35 रन बनाए।

वहीं, सिकंदर रजा ने 34 रन की पारी खेली। भारत की ओर से रविचंद्रन अश्विन ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। वहीं, मोहम्मद शमी और हार्दिक पांड्या को दो-दो विकेट मिले। भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल को एक-एक विकेट मिला। सूर्यकुमार को उनकी शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड दिया गया।

## लवलीना सेमीफाइनल में, पदक पक्का किया

नयी दिल्ली, 6 अक्टूबर (एजेंसी)। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन ने जोर्डन के अम्मान में चल रही एशियाई मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के क्वार्टरफाइनल में वालेनटिना खालजोवा पर जीत से सेमीफाइनल में जगह बनाते हुए 75 किग्रा वर्ग में अपने पहले मुकाबले में पदक पक्का कर दिया।

लवलीना को पांच मुक्केबाजों के बीच कम से कम कांस्य पदक पक्का करने के लिये बस एक जीत की जरूरत थी और इस 25 साल की मुक्केबाज ने शनिवार देर रात खालजोवा पर विभाजित फैसले में 3-2 की जीत से सेमीफाइनल में जगह बनायी।

असम की मुक्केबाज ने तोक्यो ओलंपिक में 69 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता था। वह अब 75 किग्रा वर्ग में खेलने लगी हैं क्योंकि 69 किग्रा वर्ग पेरिस ओलंपिक में शामिल नहीं है।

अंकुशिता बोरो (66 किग्रा) ने भी सेमीफाइनल में जगह बना ली है। 22 साल की इस मुक्केबाज ने अंतिम आठ में जापान की सुबाता असिया पर 5-0 से जीत हासिल की। पूजा (70 किग्रा) के लिये हालांकि टूर्नामेंट में सफर खत्म हो गया, उन्हें कजाखस्तान की दारिगा शाकिमोवा से 0-5 से हार मिली।

# सिडनी में यौन उत्पीडऩ के आरोप में श्रीलंकाई क्रिकेटर दनुष्का गिरफ्तार

सिडनी (एजेंसी) श्रीलंका के बाएं हाथ के बल्लेबाज और यहां आईसीसी टी20 विश्व कप के लिए टीम के सदस्य दनुष्का गुणथिलाका पर सिडनी के पूर्वी उपनगर में एक महिला का रविवार को कथित रूप से यौन उत्पीडन करने का आरोप लगाया गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि, गुणथिलाका को रविवार सुबह इस सप्ताह की शुरूआत में रोज बे में एक 29 वर्षीय महिला के यौन उत्पीडन के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण पहले दौर में ही विश्व कप से बाहर हो चुके गुणथिलाका को टीम में शामिल किया गया है। 31 वर्षीय, जिन्होंने आठ टेस्ट, 47 एकदिवसीय और 46 टी20 खेले हैं, हालांकि अपने अभियान के दौरान टीम के साथ रहे।

रिपोर्ट के मुताबिक, गुनाथिलाका एक महिला से कुछ दिनों तक एक ऑनलाइन डेटिंग ऐप के जरिए बातचीत कर रहा था।



लेकिन आगे बात मिलने जुलने पर आ गई और आरोप लगाया गया कि उसने 2 नवंबर की शाम को कथित तौर पर महिला का यौन उत्पीडन किया।

क्रिकेटर को रविवार तडके सिडनी के ससेक्स स्ट्रीट के एक होटल में गिरफ्तार किया गया और सिडनी सिटी पुलिस स्टेशन ले जाया गया और चार मामलों का आरोप लगाया गया।

उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया गया और रविवार को एक ऑडियो-विजुअल लिंक के माध्यम से परामट्टा जमानत अदालत में पेश होंगे।

इंग्लैंड ने अपने आखिरी सुपर 12 ग्रुप 1 मैच में श्रीलंका को चार विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

# नीदरलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर उलटफेर किया, भारत टी20 विश्वकप के सेमीफाइनल में

मेलबर्न (एजेंसी) नीदरलैंड ने एडिलेड में दक्षिण अफ्रीका को 13 रन से उलटफेर करते हुए उसे टी20 विश्व कप से बाहर कर दिया जिससे भारत ने टूर्नामेंट के सेमीफाइनल के लिये क्वालीफाई कर लिया। चार मैचों में छह अंक से भारत सुपर 12 के ग्रुप दो में शीर्ष पर बना हुआ है। दक्षिण अफ्रीका पांच मैचों में पांच अंक से टूर्नामेंट से बाहर हुआ। पाकिस्तान और बांग्लादेश दोनों के 4-4 मैचों से 4-4 अंक हैं जिससे दोनों के बीच एडीलेड में चल रहे मैच से सेमीफाइनल की दूसरी टीम तय होगी। विजेता टीम के छह अंक हो जायेंगे। अगर पाकिस्तान जीत जाता है तो भारत-पाकिस्तान के बीच खिताबी भिड़ंत की संभावना है। भारत सुपर 12 के अपने अंतिम मैच में जिम्बाब्वे से भिड़ेगा।




# विराट कोहली को खराब फॉर्म से बाहर निकलने के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ी : शिखर धवन

मुंबई (एजेंसी) भारत के वरिष्ठ खिलाड़ी शिखर धवन ने शनिवार को विराट कोहली के जीवन की एक दुर्लभ झलक देते हुए कहा कि भारत के पूर्व कप्तान को हाल ही में आई खराब फॉर्म से बाहर निकलने के लिए अपनी प्रक्रिया में गहराई से उतरना पड़ा।

अगस्त में अफगानिस्तान के खिलाफ एशिया कप 2022 के सुपर फोर गेम में अपना 71वां अंतरराष्ट्रीय शतक बनाने से पहले कोहली ने लगभग तीन साल तक शतक नहीं बनाया था। धवन ने कहा कि सभी क्रिकेटर अपने करियर के दौरान ऐसे दौर से गुजरते हैं और यह वह प्रक्रिया है जिस पर उन्होंने अपने प्रारंभिक वर्षों से विश्वास किया है।

धवन ने कहा- जब कोई अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहा होता तो आप काफी तनाव से गुजरते हो। आप गहराई में जाते हो और आत्मचिंतन से गुजरते हो। जीवन का हर चरण आपको कुछ ना कुछ सिखाता है और यह मंजिल के बारे में नहीं बल्कि आपकी



यात्रा के बारे में होता है। जब एक व्यक्ति इसे महसूस करते हो कि यह यात्रा के बारे में है तो यह और ज्यादा मजेदार हो जाता है।

एशिया कप 2022 में अपने फॉर्म को वापस पाने के बाद, कोहली ताकतवर हो गए हैं और वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया में चल रहे टी 20 विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। पूर्व भारतीय कप्तान की पाकिस्तान के खिलाफ पारी के बारे में पूछने पर धवन ने कहा कि कोहली जैसे खिलाड़ी के लिये आलोचकों पर ध्यान देने के बजाय प्रक्रिया का अनुसरण करना ज्यादा महत्वपूर्ण था। प्रशंसक अंतिम परिणाम में विश्वास करते हैं और उनकी भावनाओं को अंतिम परिणाम से ढाला जाता है, लेकिन क्रिकेटर्स ऐसा नहीं सोचते हैं। उनकी अपनी प्रक्रिया है, और वह इसमें विश्वास करते हैं और यही अंतर है।

धवन ने बताया कि एक खिलाड़ी के रूप में, आपके पास नकारात्मक टिप्पणियों से खुद को बचाने के लिए ताकत और इच्छाशक्ति होनी चाहिए। यदि आप इससे प्रभावित होने लगते हैं, तो आपकी सकारात्मकता दूर हो जाती है, धवन ने बताया कि एक खिलाड़ी आलोचना से कैसे निपटता है। धवन ने कोहली को उनके 34वें जन्मदिन पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। धवन ने कहा, विराट कोहली इस टूनार्मेंट में बहुत अच्छा कर रहे हैं, उन्हें बहुत-बहुत बधाई। मैं उन्हें दिल की गहराइयों से जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं।

धवन ने कहा कि कोहली के आत्मविश्वास, मजबूत इच्छाशक्ति और सकारात्मक मानसिकता ने उन्हें इस मुश्किल दौर से निकलने में मदद की।

धवन ने शनिवार को इंडिया टुडे कॉन्क्लेव में कहा- विराट बहुत मजबूत आत्मविश्वास वाला खिलाड़ी है, जब आप उससे बात करो तो वह बहुत सकारात्मक रहता है। यह सब निर्भर करता है कि आप खुद को किस तरह से लेते हो। आप अपने बेहतरीन दोस्त हो सकते हो या फिर अपना ही शिकार हो सकते हो, यह पूरी तरह से आप पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा, वह बहुत ही अनुशासित भी है, वह पहले सबकुछ खाता था और काफी मोटा हो गया था लेकिन उसने अपनी इच्छाशक्ति से यह पूरी तरह से बदल दिया। इसके साथ उसके कौशल ने उसे सफलता दिलाई।

यह पूछे जाने पर कि क्या दिल्ली के खिलाड़ियों में कुछ खास है, धवन ने कहा कि यह मैदान में उनका साहसिक रवैया है जो उन्हें अलग करता है। दिल्ली बेल्ट के खिलाड़ियों के लिए, जिनके पास प्रदर्शन करने की ताकत और साहस है, इसलिए दिल्ली के खिलाड़ी खास हैं।

# यूएन में भारत ने निभाई दोस्ती, 52 देशों के विरोध के बावजूद रूस के 8 मसौदे पास

नई दिल्ली ,06 नवंबर एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र महासभा में रूस के प्रस्ताव पर मतदान हुआ जिसमें भारत ने रूस के समर्थन में वोटिंग की। महासभा में रूस का मसौदा नाजीवाद के महिमामंडन का मुकाबला रिकॉर्ड वोटिंग के बाद बहुमत से पास हुआ और समिति ने मसौदे को औपचारिक मंजूरी दे दी है। मसौदे के समर्थन में 105 ने पक्ष में, 52 ने विपक्ष में वोट दिया, जबकि 15 सदस्यों ने मतदान से परहेज किया।

संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में समिति ने कुल आठ मसौदों को हरी झंडी दिखाई। रूस की ओर से लाए गए मसौदे में स्वदेशी लोगों के अधिकारों, डिजिटल युग में गोपनीयता, नाजीवाद के महिमामंडन की निंदा शामिल है। इस मौके पर भारतीय प्रतिनिधि ने कहा कि यह इस समझ के साथ संकल्प पर आम सहमति से जुड़ता है क्योंकि स्वदेशी लोगों की अवधारणा देश के संदर्भ में लागू नहीं है।

समिति ने आठ मसौदे पारित किए जिसमें मानवाधिकार के कई मुद्दे जिसमें साक्षरता से जुड़ा अधिकार और यौन शोषण से बच्चों की सुरक्षा से लेकर अपराध की रोकथाम और आपराधिक न्याय के मामलों आदि शामिल हैं।


मसौदा प्रस्ताव में नाजी आंदोलन, नव-नाजीवाद और वेफेन एसएस संगठन के पूर्व सदस्यों, स्मारकों को खड़ा करने और नाजी अतीत को महिमामंडित करने के लिए सार्वजनिक प्रदर्शनों को शामिल करने के बारे में समिति ने गहरी चिंता व्यक्त की थी। संयुक्त राष्ट्र ने अपने बयान में कहा कि रूसी संघ के प्रतिनिधि ने जातिवाद और जेनोफोबिक बयानबाजी में वृद्धि पर चिंता व्यक्त की और इस्लामोफोबिया, एफ्रोफोबिया और विरोधीवाद के खिलाफ प्रवासियों और शरणार्थियों को निर्वासित करने का आह्वान किया।



यूक्रेन के खिलाफ अपने क्रूर युद्ध को सही ठहराने के लिए नव-नाजीवाद का मुकाबला करने के बहाने मास्को के प्रयास पर चिंता व्यक्त की। यूक्रेन के प्रतिनिधि ने जोर देकर कहा कि मसौदे में नाजीवाद और नव-नाजीवाद के खिलाफ वास्तविक लड़ाई के अलावा कुछ भी सामान्य नहीं है। वहीं, यूनाइटेड किंगडम के प्रतिनिधि ने भी कहा कि प्रस्ताव झूठ और विकृत इतिहास को आगे बढ़ाकर यूक्रेन के खिलाफ अपनी आक्रामकता को सही ठहराने के मास्को के प्रयास का हिस्सा है।

# टेक्नोलॉजी की कमी नहीं, लापरवाही व लालच है पुल टूटने का कारण : आईआईटी एक्सपर्ट

नई दिल्ली ,06 नवंबर (एजेंसी)। हाल ही में गुजरात के मोरबी में पुल टूटने से 135 व्यक्तियों की मौत हो गई। हादसे के बाद एक सवाल भी उठ रहा है कि क्या पुल के डिजाइन या तकनीक में कोई ऐसी कमी थी, जिसके कारण यह हादसा हुआ। इस पर इंजीनियरों और विशेषज्ञों का स्पष्ट मत है। आईआईटी दिल्ली जैसे देश के विशिष्ट संस्थान का भी मानना है कि पुल गिरने जैसे हादसों के पीछे तकनीकी खामी नहीं, बल्कि इंसानी लापरवाही और लालच कारण है।



आईआईटी दिल्ली के विशेषज्ञों का कहना है कि देश में पुल, ब्रिज या फ्लाईओवर बनाने के लिए भरोसेमंद व आधुनिक तकनीक उपलब्ध है। विशेषज्ञों का कहना है कि हादसे तब होते हैं, जब तकनीकी पहलुओं को नजरअंदाज कर दिया जाता है।

गौरतलब है कि 30 अक्टूबर को गुजरात के मोरबी शहर में मच्छू नदी पर बना हैंगिंग ब्रिज टूटने से 135 लोगों को मौत हो गई थी। हादसे के बाद 5 दिनों तक हताहत हुए लोगों की तलाश जारी रही। इससे पहले पश्चिम बंगाल में भी एक निर्माणाधीन पुल टूटने की घटना सामने आई थी। उस समय भी निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने के गंभीर आरोप लगे थे।

आईआईटी दिल्ली के डिप्टी डायरेक्टर प्रोफेसर श्रीकृष्णन ने बताया कि मोरबी या ऐसे अन्य पुल टूटने के हादसों का कारण टेक्नोलॉजी का फेलियर या टेक्नोलॉजी की कमी नहीं है। प्रोफेसर कृष्णन के मुताबिक भारत के पास निर्माण के लिए बेहतरीन टेक्नोलॉजी उपलब्ध है। अच्छे निर्माण के लिए आवश्यक है कि मौजूदा टेक्नोलॉजी को सही तरीके से अमल में लाया जाए। आईआईटी दिल्ली के डिप्टी डायरेक्टर के मुताबिक मोरबी जैसे हादसे मानवीय लालच और लापरवाही का नतीजा है। टेक्नोलॉजी की कमी को इसके लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता।

प्रोफेसर श्रीकृष्णन ने कहा कि यदि सभी नियम कायदों का पालन करते हुए निर्माण कार्य या रिनोवेशन की जाए तो ऐसे हादसे नहीं होंगे, लेकिन जब निर्माण से जुड़े व्यक्ति लापरवाही और लालच के कारण नियमों की अनदेखी करते हैं, तो ऐसे ऐसे हादसे सामने आते हैं। मोरबी नगर पालिका ने 15 साल के लिए 'ओरेवा ग्रुप' नामक एक प्राइवेट कंपनी को झूला पुल की मरम्मत और रखरखाव का काम सौंपा था। कंपनी पर रखरखाव में लापरवाही बरतने का आरोप है। यह हादसा सामने आने के बाद अब तक नौ लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

अबतक की तफ्तीश में पता चला है कि ओरेवा समूह ने सालों पुराने पुल के रेनोवेशन में महज 12 लाख रुपए ही खर्च किए, जबकि पुल के रेनोवेशन के लिए कंपनी को 2 करोड़ रुपए आवंटित किए गए थे।

मोरबी में पुल टूटने की घटना में करीब 170 लोग घायल हुए थे। दशकों पुराने इस पुल को रेनोवेशन के बाद हाल ही में खोला गया था। रेनोवेशन का ठेका ओरेवा ग्रुप को था। कंपनी पर लापरवाही का आरोप है।

# श्रीलंका से 10 और शरणार्थी तमिलनाडु के धनुषकोडी पहुंचे

चेन्नई ,06 नवंबर (एजेंसी)। श्रीलंका में बढ़ती बेरोजगारी के कारण वहां से लोगों के पलायन के एक अन्य मामले में श्रीलंका के 10 और तमिल शरणार्थी तमिलनाडु के रामनाथपुरम जिले के धनुषकोडी पहुंचे। मंडपम पुलिस स्टेशन में पूछताछ के बाद उन्हें रामनाथपुरम के शरणार्थी शिविर में ठहराया गया।

शरणार्थियों में मन्नार जिले के एम. जयकुमार (45), उनकी पत्नी योगेश्वरी (39), उनकी बेटियां तमिलमती (22) और कनिमती (15) आर. पुष्पम (64) और उसका बेटा प्रभाकर (43), मुलई थीवु से आर. जस्टिन (42), उनकी पत्नी औसियु (36) और उनके बच्चे अंशिका (3) और अंजीता (तीन महीने) शामिल हैं।

धनुषकोडी में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए जस्टिन ने कहा, श्रीलंका में महंगाई के कारण आर्थिक संकट के बाद नौकरियां भी दुर्लभ हो गईं। वहां बच्चों और आश्रितों का पेट भरना मुश्किल हो गया।

जस्टिन ने कहा कि उन्होंने और उनके परिवार के सदस्यों, जिनमें दो बच्चे और उनकी पत्नी औसिया शामिल हैं, ने धनुषकोडी पहुंचने के लिए अपने यात्रा खर्च खातिर पैसे जुटाने के लिए एक साहूकार को चांदी के बर्तन और एक सोने की चेन बेचने का फैसला किया।

एक अन्य शरणार्थी पुष्पम ने कहा कि उसके पास नाविक को पैसे देने और धनुषकोडी पहुंचने के अलावा कोई विकल्प नहीं था।

उन्होंने कहा कि 300 श्रीलंकाई रुपये प्रति किलो चीनी बिक रही है, जबकि चावल की कीमत 250 एसएलआर प्रति किलो है।

पुष्पम ने कहा, संकट के बाद नौकरी नहीं मिलती और नौकरी मिल भी जाती है तो 100 ग्राम चीनी भी नहीं खरीद पाते।

मेरा एक 43 साल का बेटा है जो मानसिक रूप से अस्थिर है और वहां जीवन दयनीय था। मैंने अपना सारा सामान बेचकर नाविक को देने के लिए 50,000 एसएलआर जुटाया और धनुषकोडी पहुंच गया। शरणार्थी अब धनुषकोडी के मंडपम पुनर्वास शिविर में बसे हुए हैं। शिविर में पहुंचने वाले श्रीलंकाई शरणार्थियों की कुल संख्या अब 199 हो गई है।

# कूनो में दो चीते बड़े बाड़े में छोड़े जाने पर मोदी ने प्रसन्नता व्यक्त की

भोपाल ,06 नवंबर (एजेंसी)। मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले में स्थित कूनो राष्ट्रीय उद्यान में नामीबिया से लाए गए आठ चीतों में से दो को बड़े बाड़े में छोड़े जाने के एक दिन बाद आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

श्री मोदी ने ट्वीट के जरिए कहा है कि ये बड़ी खबर है। बताया गया है कि दो तय क्वारेंटाइन के बाद दो चीतों को बड़े बाड़े में छोड़ दिया गया है। चीतों को कूनो में बसाने की प्रक्रिया का यह एक हिस्सा है। शेष चीतों को भी क्रमानुसार छोटे बाड़े से बड़े बाड़े में छोड़ा जाएगा। श्री मोदी ने कहा है कि उन्हें यह जानकर प्रसन्नता है कि सभी चीते स्वस्थ और सक्रिय हैं और वे अपने आप को माहौल के अनुसार ढाल रहे हैं।

इस बीच श्योपुर में कल दिन भर की अनिश्चितता के वातावरण के बीच दो चीतों को छोटे बाड़े में से बड़े बाड़े में छोड़ा गया। शेष छह में से चार चीतों को भी शीघ्र ही बड़े बाड़े में छोड़े जाने की बात वन विभाग के सूत्रों की ओर से की जा रही है। लेकिन वरिष्ठ और जिम्मेदार अधिकारी इस मुद्दे पर बोलने से बचते हुए दिख रहे हैं। इस बीच मीडिया में वन मंत्री विजय शाह की कथित नाराजगी की खबरें भी सामने आयी हैं। मीडिया में आयीं खबरों के अनुसार श्री शाह को बताए बगैर चीतों को बड़े बाड़े में छोड़े जाने की सूचनाएं हैं।

# पूर्ण चंद्रग्रहण आठ नवंबर को होगा, भारत में आंशिक रूप से दिखाई देगा

उज्जैन ,06 नवंबर (एजेंसी)। खगोलीय घटना के तहत इस वर्ष का अंतिम पूर्ण चंद्रग्रहण आठ नवंबर होगा। लेकिन भारत में यह आंशिक रूप से दिखाई देगा।

शासकीय जीवाजी वेधशाला के अधीक्षक डॉ. राजेंद्र प्रकाश गुप्त ने यहां जारी विज्ञप्ति में बताया कि इस वर्ष का अंतिम पूर्ण चंद्र ग्रहण आठ नवंबर को होगा और यह ग्रहण भारत में आंशिक रुप से दिखाई देगा। चन्द्रग्रहण सोमवार को दोपहर दो बजकर 38 मिनट से प्रारंभ होगा और इसका मध्यकाल दोपहर चार बजकर 29 मिनट एक सेकंड तथा इसके मोक्ष का समय छह बजकर 19 मिनट दो सेकंड रहेगा। डॉ. गुप्त ने बताया कि मध्य की स्थिति में चंद्रमा का सौ प्रतिशत भाग पृथ्वी के क्षेत्र में होगा, वास्तव में पूर्ण चंद्र ग्रहण की स्थिति में चंद्रमा पृथ्वी के छाया क्षेत्र में होने के कारण मध्य लाल रंग का हो जाता है। ग्रहण की अवधि चार घंटे 19 मिनट तक रहेगी।

उन्होंने बताया कि पूर्ण चंद्र ग्रहण उस समय होता है जब पृथ्वी सूर्य और चंद्रमा के बीच में आती है जिससे सूर्य का प्रकाश चंद्रमा तक नहीं पहुंच पाता है जिससे पूर्णता के समय हमें चंद्रमा मध्यम लाल रंग का दिखाई देता है , जिसे पूर्ण चन्द्रग्रहण कहते हैं। गुप्त ने बताया कि यह ग्रहण उत्तरी और दक्षिण अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, एशिया, उत्तरी प्रशांत महासागर एवं हिंद महासागर में दिखाई देगा और भारत में कोलकाता, कोहिमा, पटना, पुरी, रांची, इंफाल आदि में चंद्रोदय पूर्णता समय सायं पांच बजकर 12 मिनट से पूर्व होने के कारण हम यहां पूर्ण चंद्र ग्रहण देख सकेंगे, शेष भारत में चंद्रोदय की स्थिति के अनुसार आंशिक चंद्रग्रहण ही दृश्य होगा।

उन्होंने बताया कि धार्मिक नगरी उज्जैन में चंद्रोदय सायं पांच बजकर 43 मिनट पर होने के कारण 36 मिनट तक शाम छह बजकर 19 मिनट तक यह ग्रहण आंशिक तौर पर दिखाई देगा।

## संपादकीय

# किसानों को राहत

वैश्विक स्तर पर खाद की बढ़ी कीमतों को देखते हुए केंद्र सरकार ने फॉस्फेट और पोटाश वाले खादों के लिए 51,875 करोड़ रुपये के अतिरिक्त अनुदान की घोषणा की है. रबी फसलों की बुवाई में इन खादों का इस्तेमाल होता है. यह इसलिए भी बड़ी राहत है क्योंकि इस साल के शुरू में तापमान बढ़ने से गेहूं की पैदावार पर असर पड़ा था और बाद में कमजोर मानसून एवं बेमौसम की बरसात से खरीफ फसलें प्रभावित हुई थीं. जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न इन समस्याओं से किसानों को नुकसान उठाना पड़ा है. विभिन्न घरेलू और बाहरी वजहों से खेती की लागत भी बढ़ी है. रूस-यूक्रेन युद्ध से खाद के दाम बहुत बढ़ गये हैं. न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी के बाद खाद अनुदान में वृद्धि से किसान फसल की बुवाई आसानी से कर सकेंगे तथा पैदावार के मूल्य के बारे में भी आश्वस्त रह सकते हैं. जाड़े के मौसम में लगायी जाने वाली फसलों की पैदावार का हिस्सा भारत के सालाना खाद्य उत्पादन में लगभग आधा है. इसलिए देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए गेहूं, दलहन, मोटे अनाज, सब्जियों और तेलहन की पर्याप्त उपज आवश्यक है. उल्लेखनीय है कि भारत समेत दुनिया के कई देशों में खाद्य पदार्थों की महंगाई बहुत अधिक है तथा अनेक देश खाद्य संकट का भी सामना कर रहे हैं. हमारे देश में महंगाई अवश्य है, लेकिन बाजार में खाद्य पदार्थों की कमी नहीं है तथा सरकारी गोदाम में भी समुचित भंडार है. यह इसीलिए हो सका है क्योंकि हमारे किसानों ने कृषि उत्पादों की मात्रा में कमी नहीं होने दी है. सरकारी भंडार में अनाज होने के कारण कोरोना के शुरुआती दौर से अब तक लगभग अस्सी करोड़ गरीब लोगों को मुफ्त राशन मुहैया कराया जा रहा है. खेती बेहतर करने के उद्देश्य से सरकार पोषण आधारित अनुदान योजना चला रही है. इस नीति के तहत फसल के लिए जरूरी पोषण के आधार पर प्रति किलो खाद पर अनुदान की दर निर्धारित की जाती है. वर्तमान वित्त वर्ष में खाद सब्सिडी पर 2.5 लाख करोड़ रुपये का खर्च अनुमानित किया गया था, लेकिन लगभग 52 हजार करोड़ रुपये की राशि के साथ यह आंकड़ा तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक हो जायेगा. यह अतिरिक्त आवंटन पिछले रबी के मौसम में दी गयी 28,655 करोड़ रुपये की अनुदान राशि से भी अधिक है. वृद्धि है. रूस-यूक्रेन युद्ध के अलावा इस बढ़ोतरी की वजहों में तेल का महंगा होना तथा महामारी के चलते आपूर्ति में अवरोध आना जैसे कारक भी हैं. हमें बड़ी मात्रा में खाद को विदेशों से आयात करना पड़ता है. आशा है कि किसान इस आवंटन का पूरा लाभ उठा सकेंगे.

# तिरुवनंतपुरम की मेयर का पत्र लीक होने के बाद माकपा ने किया बचाव

तिरुवनंतपुरम ,06 नवंबर (एजेंसी)। तिरुवनंतपुरम के मेयर आर्य राजेंद्रन का एक पत्र जब कथित रूप से सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, तब केरल में सत्तारूढ़ माकपा ने उनका बचाव किया। पत्र मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) जिले (तिरुवनंतपुरम) के सचिव अनवूर नागप्पन को संबोधित किया गया था, जिसमें निगम में 295 अस्थायी रिक्तियों के लिए उम्मीदवारों की सूची मांगी गई थी।

मेयर का बचाव करते हुए केरल के स्थानीय स्वशासन मंत्री एम.बी. राजेश ने शनिवार की शाम इन सभी रिक्तियों को रोजगार कार्यालय में भेजने का फैसला किया, जो नियुक्तियां करेगा।

नागप्पन को लिखा राजेंद्रन का पत्र 'कॉमरेड' के अभिवादन के साथ शुरू होता है और यह इंगित करता है कि निगम से जुड़े स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न पदों पर 295 अस्थायी रिक्तियां हैं और संभावित उम्मीदवारों की सूची मांगी गई है।

इन रिक्तियों की सूचना अब एम्प्लॉयमेंट एक्सचेंज को दी गई है, जहां करीब 40 लाख शिक्षित बेरोजगार पंजीकृत हैं।

सूत्रों ने कहा कि रिक्तियों को एक्सचेंज में पंजीकृत लोगों की वरिष्ठता और योग्यता के अनुसार भरा जाएगा। पत्र लीक होने के बाद भाजपा और कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ के कुछ नाराज पार्षदों ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों से निपटने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

हंगामे में डिप्टी मेयर राजू की आंख में चोट लग गई।


इस बीच, राजेंद्रन ने हालांकि कहा कि उन्होंने ऐसा कोई पत्र नहीं लि

I, जबकि वायरल पत्र उनके आधिकारिक लेटरहेड पर लिखा गया है। नागप्पन ने भी कहा कि उन्हें ऐसा कोई पत्र नहीं मिला है। लेकिन वह इस मामले की छानबीन के लिए सहमत हुए।

इस घटना ने कथित तौर पर सत्तारूढ़ माकपा को 'झटका' दिया है। पार्टी इस बात से नाराज थी कि पार्टी के एक सदस्य द्वारा लीक किए जाने के बाद पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

यह विवाद ऐसे समय में सामने आया है, जब मेयर भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के खिलाफ दिल्ली में माकपा द्वारा आयोजित 'मेरा काम कहां है' नामक विरोध मार्च में शामिल होने के लिए थे।

# कर्नाटक सरकार कर्ज चुकाने में देरी पर किसानों की संपत्ति की नीलामी रोकने को कानून लाएगी : सीएम



बेंगलुरु ,06 नवंबर (एजेंसी)। कर्नाटक में किसान समुदाय के लिए एक राहत की बात है। भाजपा सरकार कर्ज चुकाने में देरी के मामले में किसानों की संपत्ति को नीलाम होने से बचाने के लिए एक कानून लाने की योजना बना रही है। मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने शनिवार को कहा, राज्य सरकार कृषि उद्देश्यों के लिए लिए गए ऋण के भुगतान में देरी या भुगतान न करने पर किसानों की संपत्ति की जब्ती या नीलामी को रोकने के लिए एक कानून लाएगी।

यहां के जीकेवीके परिसर में आयोजित कृषि मेला के समापन समारोह में किसानों को पुरस्कार वितरण के बाद बोम्मई ने कहा कि कृषि ऋण का भुगतान न करने की स्थिति में किसानों को पुनर्भुगतान के लिए समय दिया जाना चाहिए और उनकी संपत्तियों को जब्त या नीलामी नहीं करना चाहिए।

इस संबंध में सहकारिता विभाग और अन्य संबंधित निकायों को पहले ही निर्देश दिए जा चुके हैं। विभाग किसानों की दुर्दशा का जवाब दे रहे हैं। आर्थिक विकास पूरी तरह से कृषि क्षेत्र पर निर्भर है। कृषि विश्वविद्यालयों को इसके बारे में अनुसंधान करना चाहिए। कृषि-अर्थशास्त्र और सरकार को सुझाव दें। इन विश्वविद्यालयों को सरकार के साथ मिलकर काम करना चाहिए और नए शोध और कार्यप्रणाली के बारे में सूचित करना चाहिए । राज्य सरकार और अधिक किसान हितैषी कार्यक्रम शुरू करेगी, जिसमें चालू शैक्षणिक वर्ष से 10 लाख अतिरिक्त किसानों को ऋण देना शामिल होगा। बोम्मई ने कहा, किसानों को भी वैज्ञानिक रूप से सोचना चाहिए, उत्पादकता बढ़ाने के लिए नई किस्मों को आजमाना चाहिए और व्यापक कृषि को अपनाना चाहिए।

## यूपी में अमरूद चुराने पर व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या

अलीगढ़ ,06 नवंबर (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले में मानेना गांव के एक बाग से एक अमरूद चोरी करने के संदेह में एक दलित व्यक्ति की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया है और पीड़ित के परिवार द्वारा नामित दो आरोपियों बाग के मालिकों के खिलाफ एससी/एसटी अधिनियम की संबंधित धाराओं को लागू किया है। पुलिस उपाधीक्षक अभय पांडे ने बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। 25 वर्षीय पीड़ित ओम प्रकाश के भाई सत्य प्रकाश ने कहा, मेरा भाई जंगल में आराम करने गया था और घर लौटते समय उसने बाग में जमीन से एक अमरूद उठाया। हाथ में अमरूद देखकर कुछ बाग के मालिक भीमसेन और बनवारी सहित स्थानीय लोगों ने उसे लाठियों और अन्य भारी वस्तुओं से बेरहमी से तब तक पीटा जब तक कि वह होश नहीं खो बैठा।

# बीजेपी सांसद को मिली मुंबई से जान से मारने की धमकी, मांगी 50 लाख की फिरौती

प्रयागराज , 06 नवंबर (एजेंसी)। फूलपुर से भाजपा सांसद केशरी देवी पटेल को फोन पर जान से मारने की धमकी मिली है। इससे पहले उनसे फोन कॉल और लेटर के जरिए 50 लाख रुपये की मांग की गई थी। केशरी देवी पटेल ने अब अज्ञात फोन करने वाले के खिलाफ कर्नलगंज थाने में मामला दर्ज कराया है। प्राथमिक निगरानी से पता चला कि मुंबई से धमकी दी गई थी। पुलिस ने कहा कि पुलिस की एक टीम अब धमकियों के पीछे व्यक्ति की पहचान करने और उसे पकडऩे की कोशिश कर रही है।

प्राथमिकी के अनुसार केशरी देवी पटेल के मोबाइल पर एक नवंबर को अज्ञात नंबर से कॉल की गई थी। उस समय फोन रिसीव नहीं हो सका। तीन मिनट बाद फिर उसी नंबर से कॉल आई। उसने फोन करने वाले का नाम पूछा तो वह गाली-गलौज करने लगा। फोन करने वाले ने 50 लाख रुपये देने को भी कहा और धमकी दी कि अगर पैसा नहीं दिया तो सांसद और उसके पूरे परिवार की हत्या कर दी जाएगी।

फोन करने वाले ने और फोन किए और धमकियां और रंगदारी की मांग दोहराई। इस बार, सांसद द्वारा कॉल रिकॉर्ड किए गए थे। सांसद ने पुलिस को यह भी बताया कि एक महीने पहले एक पत्र मिला था, जिसमें 50 लाख रुपये मांगने की धमकी दी गई थी, लेकिन उसने इसे गंभीरता से नहीं लिया। कर्नलगंज थाने के एसएचओ राम मोहन राय ने प्राथमिकी की पुष्टि करते हुए कहा कि अभी जांच की जा रही है।

दैनिक
न्यूज वायरस

न्यूज वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, मेरठ के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक मौ. सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

सम्पादक :
मौ. सलीम सैफी
कार्यकारी सम्पादक
आशीष तिवारी
दूरभाष : 0135-2672002

email-dainiknewsvirus@gmail.com
RNI No.- UTTHIN/2012/44094

वाद-विवाद का न्याय क्षेत्र देहरादून न्यायालय मान्य होगा

हिंदी दैनिक
न्यूज़ वायरस





# हुमा कुरैशी के साथ पूजा मेरी जान में मृणाल ठाकुर

अभिनेत्री मृणाल ठाकुर, जिन्होंने अपनी फिल्म सीता रामम के लिए बहुत सारी सकारात्मक प्रतिक्रियाएं और सफलता हासिल की, हुमा कुरैशी के साथ अपनी अगली परियोजना पूजा मेरी जान के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अभिनेत्री ने फिल्म में अपनी भूमिका के बारे में बात की और बताया कि यह उनकी पिछली फिल्म के चरित्र से कैसे अलग होगी।

सीता रामम की तरह, मृणाल अपनी अगली फिल्म में मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी। उनका कहना है, मैं जो किरदार निभा रही हूं वह सीता रामम में मेरी भूमिका से बिल्कुल अलग है। पूजा जिस तरह से कपड़े पहनती है वह मेरे बात करने का तरीका है, यह एक बिल्कुल नया व्यक्ति है जिसे मैंने बनाया है।

मृणाल ने अपने करियर की शुरूआत टीवी से की थी और कॉलेज के दिनों में उन्हें मुझसे कुछ कहती हैं.. ये खामोशियां में मुख्य भूमिका मिली थी। बाद में, उन्होंने सबसे लोकप्रिय शो कुमकुम भाग्य पर हस्ताक्षर किए और बॉक्स क्रिकेट लीग 1 और नच बलिए 7 में एक प्रतियोगी के रूप में भी दिखाई दीं।

एक्ट्रेस को अंतर्राष्ट्रीय फिल्म लव सोनिया में एक शीर्षक भूमिका में भी देखा गया था। 2022 में, वह शाहिद कपूर के साथ जर्सी का हिस्सा बनीं और उन्होंने हनु राघवपुडी की सीता रामम में दुलकर सलमान के साथ तेलुगु फिल्म की शुरूआत की। मृणाल ने कहा कि, वह हमेशा अलग-अलग तरह की भूमिकाएं करने के लिए उत्सुक रहती हैं और वह अपनी फिल्मों में अलग-अलग किरदार निभाने का मौका पाकर खुश हैं।

अभिनेत्री ने कहा, मैं हमेशा उन भूमिकाओं के लिए भूखी रही हूं जो एक-दूसरे से अलग हैं और मैं आभारी हूं कि निर्देशकों ने मुझे उन हिस्सों को करने के लिए चुना है। इस विशेष फिल्म में, मैं वादा कर सकती हूं कि लोग मेरे अभिनय कौशल का एक नया पक्ष देखेंगे, जो भी है मेरे लिए भी उतना ही रोमांचक है।पूजा मेरी जान में हुमा कुरैशी और विजय राज भी हैं। हाल ही में, दिनेश विजान की मैडॉक फिल्म्स ने फिल्म के लिए शूटिंग रैप की घोषणा की।

# ब्रीद मेरी जिंदगी का एक बड़ा हिस्सा बन गया है : अमित साध

अभिनेता अमित साध, जो स्ट्रीमिंग शो ब्रीदः इनटू द शैडो के आगामी सीजन में कबीर सावंत के अपने चरित्र के लिए तैयार हैं, उनका मानना है कि शो का हाल ही में लॉन्च किया गया ट्रेलर काफी संतुलित है और हर किरदार को समान महत्व देता है। ब्रीद : इनटू द शैडो के दूसरे सीजन का ट्रेलर गुरुवार को अनावरण किया गया और दो साल से अधिक के इंतजार के बाद शो को दर्शकों के सामने वापस लाया गया।

हाई-ऑक्टेन एक्शन श्यों से भरपूर, ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे बेशर्म जे (अभिषेक बच्चन) बाकी 6 पीड़ितों को पकडऩे के अधूरे काम को पूरा करने के लिए वहीं से लौट आया है। कबीर (अमित साध) जे और उसकी हरकतों को पकडऩे के लिए हर संभव कोशिश करते नजर आएंगे।

सीजन 2 में जे के लिए अपना पीछा जारी रखने वाले अमित ने कहा, ब्रीदः इनटू द शैडोज सीजन 2 बहुत बड़ा और जटिल है। पहली ही किस्त के बाद से, ब्रीद मेरे जीवन का एक बड़ा हिस्सा बन गया है। मुझे ट्रेलर पसंद है, मुझे लगता है कि प्रशंसकों को यह पसंद आने वाला है।

सबसे आश्चर्यजनक बात यह है कि यह दुनिया को हर चरित्र और उनके दांव का रोमांच और एक झलक दिखाता है।ट्रेलर की संतुलित प्रकृति की प्रशंसा करते हुए, उन्होंने आगे कहा, व्यक्तिगत रूप से, मुझे यह पसंद है क्योंकि यह एक संतुलित ट्रेलर है और किसी विशेष चरित्र का पक्ष नहीं लेता है।

मैं सभी के लिए लाइमलाइट पाने के लिए हूं और इसके लिए, मैं अमेजॅन की टीम को बधाई देता हूं। और मेरे निर्देशक ने हमें समान महत्व देने के लिए। मैं पिछले ब्रीदः इनटू द शैडो सीजन का हिस्सा रहा हूं और मैं दूसरे सीजन का भी हिस्सा बनने के लिए बहुत उत्साहित हूं।

साइकोलॉजिकल थ्रिलर के दूसरे सीजन में एक बार फिर अभिषेक बच्चन और अमित साध के साथ नित्या मेनन, सैयामी खेर और इवाना कौर मुख्य भूमिका में होंगी। ट्रेलर लॉन्च पर नए सीजन के बारे में थोड़ा खुलासा करते हुए, अभिषेक बच्चन ने कहा, सीजन 1 में शुरू हुआ निर्दयतापूर्ण पीछा सीजन 2 में और भी अधिक क्रूर रास्ता अपनाता है।

यह सीजन सभी पात्रों को विकसित होते हुए और गड़बड़ में बहुत गहराई तक ले जाएगा। दर्शकों ने सीच्ल के लिए 2 साल तक इंतजार किया है और उन्हें यह देखकर खुशी होती है कि हमें क्या पेश करना है। मुझे खुशी है कि सीजन 2 आखिरकार कई और रहस्यों और दिमागी खेलों का खुलासा और अनावरण करने वाला है।

विक्रम मल्होत्रा और अबुदंतिया एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित, आठ-एपिसोड की मूल श्रृंखला मयंक शर्मा द्वारा सह-निर्मित और निर्देशित है, जिन्होंने पिछले सीजन में भी अभिनय किया था।ब्रीदः इनटू द शैडो सीजन 2 9 नवंबर, 2022 को प्राइम वीडियो पर आएगा।



# इंडो वेस्टर्न आउटफिट में रिया चक्रवर्ती का स्टनिंग अवतार, टोंड लेग्स देखकर फैंस हुए मदहोश

एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती अपनी खूबसूरती और बोल्डनेस से फैंस पर बिजलियां गिराती रहती हैं। एक्ट्रेस की स्टनिंग तस्वीरों के लिए फैंस बेताब रहते हैं। वहीं, एक्ट्रेस का लेटेस्ट इंडो वेस्टर्न लुक देखकर फैंस मदहोश हुए हैं। उन्हें रिया का ये बोल्ड अंदाज काफी पसंद आ रहा हैं। रिया चक्रवर्ती ने दिवाली के अवसर पर अपनी स्टाइलिश तस्वीरों को सोशल मीडिया पर शेयर किया है। एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती ने व्हाइट और येलो कलर की इंडो वेस्टर्न आउटफिट को पहन रखा है। जिसमें उनका लुक काफी स्टनिंग नजर आ रहा है। रिया चक्रवर्ती ने इस लुक में अपनी टोंड लेग्स फ्लॉन्ट कर रही हैं। लाइट मेकअप के साथ एक्ट्रेस ने बड़े ईयरिंग्स कैरी कर रखी हैं। साथ ही बालों को खुला रखकर स्टाइलिश अंदाज दिया है। रिया चक्रवर्ती फिल्मों में भले ही कम एक्टिव दिखाई देती हों, लेकिन सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस धमाल मचाए रहती हैं। एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती को इस आउटफिट में देखकर फैंस उन्हें गजब की बला बता रहे हैं। एक्ट्रेस इस आउटलुक में अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं। वहीं, फैंस उनकी तस्वीरों को जूम करके देख रहे हैं। रिया चक्रवर्ती फिल्म एक्ट्रेस हैं लेकिन फिल्मी करियर उनका कुछ खास नहीं रहा। साथ ही दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत केस के बाद उन्हें फैंस की काफी आलोचना झेलनी पड़ी थी। एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं।